कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 2360 / FP/UK/ROAD/47027/2020 देहरादून:दिनांक: 05 अप्रैल, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमांऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद–बागेश्वर में स्याली से इंडिया मनाखेत के मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.763 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– आपका पत्रांक 4407 / 12–1 दिनांक 28.03.2022 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिससे प्रश्नगत प्रकरण इस कार्यालय द्वारा चाही गयी सूचना आपके माध्यम से ऑनलाईन एवं ऑफलाईन इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। प्रेषित की गयी सूचना का परीक्षण करने पर निम्नलिखित कमियॉ दृष्टिगत हो रही हैं :–

1. प्रस्ताव में ऑनलाईन भरे गये Component wise breakup में प्रस्तावित वन भूमि क्षेत्रफल में भिन्नता पायी गयी है। कृपया सही क्षेत्रफल अंकित करें।
2. क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल की DSS Analysis की रिपोर्ट अपलोड नहीं की गयी है। उपरोक्त हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 2044 / 1–42(III) दिनांक 22–02–2022 एवं शासन के पत्रांक 290 / X-3-22/5(03)2019 के द्वारा पूर्व में लिखा गया है। अतः DSS Analysis की रिपोर्ट अपनी संस्तुति सहित प्रस्ताव में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. KML file का परीक्षण करने पर पाया गया कि प्रस्ताव में चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल प्रस्तावित मोटर मार्ग को Overlap कर रहा है। कृपया KML file परीक्षण करने का कष्ट करें।



4. Part-II के अतिरिक्त सूचना में एन0पी0वी0 प्रपत्र के स्थान पर कोई अन्य प्रपत्र अपलोड किया गया है। कृपया एन0पी0वी0 से सम्बन्धित प्रपत्र ऑनलाईन अपलोड करने का कष्ट करें।

अतः प्रकरण की महत्ता के दृष्टिगत उपरोक्तानुसार चाही गयी वांछित सूचना तीन हार्ड प्रतियों में (मूल प्रति सहित) इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,
Shekhar
(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक

संख्या 2360 / FP/UK/ROAD/47027/2020 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।
2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बागेश्वर।

Shekhar
(मयंक शेखर झा)
उप वन संरक्षक